मध्यप्रदेश शासन

## जेल विभाग

# विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन

## 2023-24

---

सजग, सुरक्षा, सावधान

---

# अनुक्रमणिका


| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के माननीय जेल मंत्री एवं विभागीय अधिकारी | 1 |
| 2. | भाग–एक | |
| | 1. विभागीय संरचना | 2–13 |
| | 1.1 विभागाध्यक्ष कार्यालय की संरचना | |
| | 1.2 अधीनस्थ कार्यालयों (सर्किल जेलों) की जानकारी | |
| | 1.3 विभाग के अंतर्गत आने वाले मंडल/उपक्रम/संस्थाओं का विवरण | |
| | 1.4 विभाग के दायित्व | |
| | **1.5 विभाग से संबंधित सामान्य जानकारी** | |
| | 1.5.1 बंदियों की मुक्ति एवं विशेष परिहार | |
| | 1.5.2 कर्मचारियों को प्रशिक्षण | |
| | 1.5.3 जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग | |
| | 1.5.4 ई–प्रिजन कार्यक्रम | |
| | 1.5.5 ई–प्रिजन लैब | |
| | 1.5.6 इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग | |
| | 1.5.7 कन्ट्रोल रूम, जेल मुख्यालय द्वारा जेलों की निगरानी | |
| | 1.5.8 तकनीकी शाखा | |
| | 1.5.9 विधिक सहायता | |
| | 1.5.10 स्वास्थ्य परीक्षण | |
| | 1.5.11 जेलों में निरूद्ध बंदियों को पारिश्रमिक | |
| | 1.5.12 बंदियों को इनकमिंग दूरभाष की सुविधा | |
| | 1.5.13 जेल उद्योग, कृषि एवं उद्यान | |
| | 1.5.14 आधुनिक मुलाकात व्यवस्था | |
| | 1.5.15 बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण | |
| | 1.5.16 इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की सहायता से बंदियों को निःशुल्क शिक्षा | |
| | 1.5.17 बंदियों को शैक्षणिक सुविधा | |
| | 1.5.18 सांस्कृतिक कार्यक्रम | |
| | 1.5.19 आध्यात्मिक कार्यक्रम | |
| | 1.5.20 योग प्रशिक्षण | |
| | 1.5.21 प्रदेश की जेलों में गोवंश की स्थिति | |
| | **1.6. विभाग की प्राथमिकताएं** | |
| | **1.7. महत्वपूर्ण सांख्यिकी** | 14–15 |
| | 1.7.1 जेलों का वर्गीकरण, क्षमता एवं परिरूद्ध बंदियों की संख्या | |
| | 1.7.2 विगत 3 वर्षों में आवास क्षमता से अधिक बंदियों का तुलनात्मक विवरण | |

1.7.3 बंदियों का विधिक वर्गीकरण

1.7.4 बंदियों का आयुवार वर्गीकरण

3 भाग–दो 16

2.1 बजट सिंहावलोकन

2.2 बजट प्रावधान, लक्ष्य एवं व्यय

4. भाग–तीन 17

**राज्य योजनाएं**

3.1 राज्य योजनाएं

3.2 केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं

3.3 अन्य योजनाएं

5. भाग–चार 18–20

**सामान्य प्रशासनिक विषय**

1. जांच समिति / आयोग
2. जेल विभाग में न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति
3. जेल विभाग में स्वीकृत एवं भरे पदों की श्रेणीवार जानकारी

6. भाग–पांच 21–23

**अभिनव प्रयास**

5.1. अभिनव प्रयास

5.2. जेलों में शिक्षा उन्नयन अभियान

5.3. आगामी योजना

5.4. मध्यप्रदेश की महिला नीति के अंतर्गत विभाग के कार्य

5.4.1 महिला कैदियों को विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण

5.4.2 प्रशिक्षण के दौरान पारिश्रमिक राशि

5.4.3 महिलाओं हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण

5.4.4 महिला बंदियों के लिए शिक्षा

7. भाग–छः 24

निरंक

8. भाग–सात 24

**सारांश**

9. जेल विभाग के आवश्यक दूरभाष 25–36


***

# जेल विभाग के माननीय जेल मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों की जानकारी

## वर्ष 2023-2024

## ✦ मध्यप्रदेश, शासन ✦

| | | |
|---|---|---|
| विभाग का नाम | ▶ | जेल विभाग |
| माननीय मंत्री | ▶ | डॉ. नरोत्तम मिश्रा (21.04.2020 से 02.12.2023) |
| | ▶ | डॉ. मोहन यादव (30.12.2023 से निरंतर) |

## ✦ सचिवालय ✦

| | | |
|---|---|---|
| प्रमुख सचिव | ▶ | श्री फैज़ अहमद किदवई (02.01.2023 से 06.03.2023 तक) |
| | ▶ | श्री संजीव कुमार झा (07.03.2023 से 29.01.2024 तक) |
| | ▶ | श्री मनीष रस्तोगी (29.01.2024 से निरंतर) |
| अपर सचिव | ▶ | श्री ललित दाहिमा (13.09.2021 से 21.07.2023 तक) |
| सचिव | ▶ | श्री ललित दाहिमा (16.03.2024 से निरंतर) |
| उप सचिव | ▶ | श्री कमल नागर (21.07.2023 से निरंतर) |
| अवर सचिव | ▶ | श्री अजय नथानियल ( 07.11.2016 से निरन्तर) |
| अनुभाग अधिकारी | ▶ | श्रीमती सीमा कुंभारे ( 01.11.2021 से निंरतर ) |

## ✦ विभागाध्यक्ष कार्यालय ✦

| | | | |
|---|---|---|---|
| जेल महानिदेशक | ▶ | श्री अरविन्द कुमार | ( 01.02.2021 से 01.08.2023) |
| | ▶ | श्री राजेश चावला | ( 01.08.2023 से 29.02.2024) |
| | ▶ | श्री जी.पी. सिंह | ( 15.03.2024 से निरन्तर) |
| अतिरिक्त महानिदेशक जेल | ▶ | श्री जी. अखेतो सेमा | ( 20.03.2023 से निरन्तर) |
| जेल उप महानिरीक्षक | ▶ | श्री संजय पाण्डेय | (09.11.2015 से निरन्तर) |
| | ▶ | श्री एम. आर. पटेल | (09.11.2015 से निरन्तर) |

# जेल विभाग, मंत्रालय की विभागीय संरचना

जेल मंत्री

↓

प्रमुख सचिव

↓

सचिव

↓

अपर सचिव

↓

उप सचिव


↓

अवर सचिव

↓

अनुभाग अधिकारी

# जेल मुख्यालय की विभागीय संरचना



# भाग – एक

## 1. विभागीय संरचना

### 1.1 विभागाध्यक्ष कार्यालय की संरचना

जेल विभाग (मंत्रालय) के अन्तर्गत विभागाध्यक्ष, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं का कार्यालय जेल मुख्यालय के रूप में कार्यरत हैं।

### 1.2 अधीनस्थ कार्यालयों (सर्किल जेल) की जानकारी

विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधीन प्रदेश की केन्द्रीय जेल इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा, सतना, उज्जैन, सागर, नरसिंहपुर, बड़वानी, नर्मदापुरम तथा जिला जेल, रतलाम एवं शिवपुरी सर्किल जेलें हैं। सर्किल जेलों के अधीक्षकों का दायित्व अपने अधीनस्थ जेलों एवं वहॉ पदस्थ कनिष्ठ कर्मचारियों के कार्य का पर्यवेक्षण एवं प्रशासनिक नियंत्रण रखना है।

प्रदेश में स्थित केन्द्रीय जेलों, जिला जेलों, खुली जेलों एवं सब जेलों में दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में बंदी आवास क्षमता 30224 है, जिसके विरूद्व वर्तमान में कुल 45688 बंदी परिरूद्व हैं। इनमें दंडित बंदी 21503, विचाराधीन बंदी 23975 एवं अन्य बंदी 210 हैं।

**केन्द्रीय जेलें (11)**

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, सागर, नरसिंहपुर, बड़वानी एवं नर्मदापुरम।

**जिला जेलें (41)**

अलीराजपुर, इंदौर, खंडवा, छिन्दवाड़ा, छतरपुर, झाबुआ, टीकमगढ़, दतिया, दमोह, धार, बैतूल, रतलाम, राजगढ़, शहडोल, सिवनी, शाजापुर, सीधी, मंदसौर, मुरैना, बालाघाट, गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, भिंड, पन्ना, विदिशा, खरगौन, रायसेन, मंडला, कटनी, नीमच, अशोकनगर, श्योपुरकलां, बैढ़न, उमरिया, हरदा, डिंडोरी, आगर, अनूपपुर एवं भोपाल।

**सब जेलें (73)**

कन्नौद, गरोठ, जावरा, जोबट, तराना, नरसिंहगढ़, नागौद, पिपरिया, बुढ़ार, बेगमगंज, बिजावर, मंडलेश्वर, महिदपुर, मैहर, सबलगढ़, सरदारपुर, सिहोरा, सेंधवा, खाचरौद, पिछोर, अमरवाड़ा, मेहगांव, वारासिवनी, लवकुश नगर, बैहर, सिवनीमालवा, नसरूल्लागंज, सारंगपुर, सैलाना, बागली, देपालपुर, महू, लखनादौन, पाटन, कोलारस, गोहद, मुलताई, नौगांव,जावद, सांवेर, कसरावद, जतारा, जौरा, अम्बाह, निवाड़ी, डबरा, ब्यौहारी, करेरा, गौहरगंज, शुजालपुर, बरेली, हटा, लटेरी, गंजबासौदा,सेवड़ा, पोहरी, खुरई, सुसनेर, धरमपुरी, बड़वाह, मऊगंज, रहली, चाचौड़ा, बंडा, पवई, मनावर, लहार, बदनावर, महेश्वर, सोनकच्छ, विजयपुर, त्योंथर एवं बड़नगर।

| | | |
|---|---|---|
| • खुली जेलें | 07 | नर्मदापुरम, इंदौर, सागर, सतना जबलपुर, भोपाल, नरसिंहपुर |
| • क्षेत्रीय जेल प्रबन्धन एवं शोध संस्थान | 01 | भोपाल |
| • जेल प्रशिक्षण केन्द्र | 01 | सागर |

## 1.3 विभाग के अंतर्गत आने वाले मंडल/उपक्रम/संस्थाओं का विवरण (जेलों का सर्किलवार विवरण)

### 1. इंदौर सर्किल : (10)
1. केन्द्रीय जेल, इंदौर
2. जिला जेल, इंदौर
3. जिला जेल, धार
4. जिला जेल, खंडवा
5. खुली जेल, इंदौर
6. सब जेल, सरदारपुर
7. सब जेल, महू
8. सब जेल, देपालपुर
9. सब जेल, सांवेर
10. सब जेल, बड़वाह

### 2. बड़वानी सर्किल : (10)
1. केन्द्रीय जेल, बड़वानी
2. जिला जेल, अलीराजपुर
3. जिला जेल, खरगोन
4. सब जेल, जोबट
5. सब जेल, मंडलेश्वर
6. सब जेल, सेंधवा
7. सब जेल, कसरावद
8. सब जेल, धरमपुरी
9. सब जेल, मनावर
10. सब जेल, महेश्वर

### 3. उज्जैन सर्किल : (12)
1. केन्द्रीय जेल, उज्जैन
2. जिला जेल, शाजापुर
3. जिला जेल, देवास
4. जिला जेल, आगर
5. सब जेल, महिदपुर
6. सब जेल, तराना
7. सब जेल, बागली
8. सब जेल, सुसनेर
9. सब जेल, सोनकच्छ
10. सब जेल, शुजालपुर
11. सब जेल, कन्नौद
12. सब जेल, बड़नगर

### 4. ग्वालियर सर्किल : (13)
1. केन्द्रीय जेल, ग्वालियर
2. जिला जेल, मुरैना
3. जिला जेल, भिंड
4. जिला जेल, दतिया
5. सब जेल, अम्बाह
6. सब जेल, सबलगढ़
7. सब जेल, डबरा
8. सब जेल, गोहद
9. सब जेल, मेहगांव
10. सब जेल, लहार
11. सब जेल, जौरा
12. सब जेल, विजयपुर
13. सब जेल, सेवढ़ा

### 5. सागर सर्किल : (11)
1. केन्द्रीय जेल, सागर
2. जिला जेल, दमोह
3. जिला जेल, टीकमगढ़
4. खुली जेल, सागर
5. सब जेल, बेगमगंज
6. सब जेल, जतारा
7. सब जेल, निवाड़ी
8. सब जेल, हटा
9. सब जेल, खुरई
10. सब जेल, रहली
11. सब जेल, बंडा

### 6. नरसिंहपुर सर्किल : (9)
1. केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर
2. जिला जेल, छिंदवाड़ा
3. जिला जेल, सिवनी
4. जिला जेल, बालाघाट
5. खुली जेल, नरसिंहपुर
6. सब जेल, बैहर
7. सब जेल, वारासिवनी
8. सब जेल, अमरवाड़ा
9. सब जेल, लखनादौन

### 7. जबलपुर सर्किल : (7)
1. केन्द्रीय जेल, जबलपुर
2. जिला जेल, मंडला
3. जिला जेल, कटनी
4. जिला जेल, डिंडोरी
5. खुली जेल, जबलपुर
6. सब जेल, पाटन
7. सब जेल, सिहोरा

### 8. भोपाल सर्किल : (11)
1. केन्द्रीय जेल, भोपाल
2. खुली जेल भोपाल
3. जिला जेल, भोपाल
4. जिला जेल, राजगढ़
5. जिला जेल, सीहोर
6. जिला जेल, रायसेन
7. जिला जेल, विदिशा
8. सब जेल, सारंगपुर
9. सब जेल, नरसिंहगढ़
10. सब जेल, लटेरी
11. सब जेल, गंजबासौदा

### 9. नर्मदापुरम सर्किल : (10)
1. केन्द्रीय जेल, नर्मदापुरम (खण्ड अ)<br>केन्द्रीय जेल, नर्मदापुरम (खण्ड ब)
2. खुली जेल, नर्मदापुरम
3. जिला जेल, बैतूल
4. जिला जेल, हरदा
5. सब जेल, पिपरिया
6. सब जेल, सिवनीमालवा
7. सब जेल, मुलताई
8. सब जेल, नसरूल्लागंज
9. सब जेल, गौहरगंज
10. सब जेल, बरेली

### 10. सतना सर्किल : (10)
1. केन्द्रीय जेल, सतना
2. जिला जेल, छतरपुर
3. जिला जेल, पन्ना
4. खुली जेल, सतना
5. सब जेल, नागौद
6. सब जेल, बिजावर
7. सब जेल, लवकुश नगर
8. सब जेल, नौगांव
9. सब जेल, मैहर
10. सब जेल, पवई

### 11. रीवा सर्किल : (10)
1. केन्द्रीय जेल, रीवा
2. जिला जेल, शहडोल
3. जिला जेल, सीधी
4. जिला जेल, उमरिया
5. जिला जेल, बैढ़न
6. जिला जेल, अनूपपुर
7. सब जेल, व्यौहारी
8. सब जेल, बुढ़ार
9. सब जेल, मऊगंज
10. सब जेल, त्योंथर

### 12. शिवपुरी सर्किल : (9)
1. जिला जेल, शिवपुरी
2. जिला जेल, श्योपुर
3. जिला जेल, गुना
4. जिला जेल, अशोकनगर
5. सब जेल, करेरा
6. सब जेल, कोलारस
7. सब जेल, पिछोर
8. सब जेल, पोहरी
9. सब जेल, चाचौड़ा

### 13. रतलाम सर्किल : (10)
1. जिला जेल, रतलाम
2. जिला जेल, मंदसौर
3. जिला जेल, नीमच
4. जिला जेल, झाबुआ
5. सब जेल, जावरा
6. सब जेल, खाचरौद
7. सब जेल, जावद
8. सब जेल, बदनावर
9. सब जेल, गरोठ
10. सब जेल, सैलाना

### 1.4 विभाग के दायित्वः

1. विभाग का दायित्व न्यायालय द्वारा विभिन्न स्वरूप के कारावास से दंडित व्यक्ति को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देकर, उसकी दंडावधि को यथा सम्भव व्यावसायिक प्रशिक्षण काल में व्यतीत कराना तथा बंदियों की समुचित सुरक्षा, स्वास्थ्य, भरण-पोषण, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा नैतिक शिक्षा प्रदान कर उनकी आपराधिक मनोवृत्ति में सुधारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि बंदी दंडावधि व्यतीत कर जेल से मुक्त होने पर समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर अपना शेष जीवन कानून प्रिय नागरिक की तरह व्यतीत कर सके।

2. न्यायालय द्वारा ऐसे विचाराधीन आरोपी जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में रखने हेतु आदेशित किया जाता है, उन्हें अभिरक्षा में सुरक्षित रखकर निर्दिष्ट समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना होता है।

### 1.5 विभाग से संबंधित सामान्य जानकारीः

#### 1.5.1 बंदियों की मुक्ति एवं विशेष परिहार :

(1) वर्ष 2023–24 में महानिदेशक जेल के आदेश से **आपात पैरोल** पर रिहा हुये बंदियों की संख्या **38** है।

(2) वर्ष 2023–24 में महानिदेशक जेल द्वारा स्वीकृत किये गये **पश्चातवर्ती अवकाश** प्रकरणों के अंतर्गत जेलों से अवकाश हेतु मुक्त किये गये बंदियों की संख्या **8016** है।

(3) 26 जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बंदी शासन परिहार से लाभान्वित होकर रिहा हुये बंदियों की संख्या **161** है।

(4) वर्ष 2023 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर **253** बंदी शासन परिहार से लाभान्वित होकर रिहा हुये।

(5) वर्ष 2023 में गॉधी जयंती के अवसर पर **73** बंदी शासन परिहार से लाभान्वित होकर रिहा हुये।

(6) 14 अप्रैल 2023, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर **154** बंदी शासन परिहार से लाभान्वित होकर रिहा हुये।

#### 1.5.2 कर्मचारियों को प्रशिक्षणः

प्रदेश में अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु **क्षेत्रीय जेल प्रबन्धन एवं शोध संस्थान, भोपाल** में स्थापित है। प्रहरियों को प्रशिक्षण देने के लिए **जेल प्रशिक्षण केन्द्र सागर** में स्थापित है। इसके अतिरिक्त **मध्यप्रदेश प्रशासन अकादमी** तथा राज्य एवं केन्द्र शासन के प्रशिक्षण संस्थानों में भी जेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिये भेजा जाता है। इस संबंध में म.प्र. पुलिस एवं केंद्रीय पैरामिलिट्री बलों से भी सहयोग प्राप्त किया गया।

जेल विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को 01 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में निम्नानुसार अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान किये गये :

| | प्रशिक्षण का नाम | प्रशिक्षण की अवधि | प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (अ) | **दीर्घकालिक प्रशिक्षण (राज्य के अन्दर प्रशिक्षण संस्थानों में)** | | |
| – | आधारभूत प्रशिक्षण (पुरूष/महिला प्रहरी) | 05 माह 15 दिवस | 62 |
| | **(ब) अल्पकालिक प्रशिक्षण** | | |
| – | आर्म्स प्रशिक्षण/उच्च्य सुरक्षा इकाई (प्रहरी) (क्षेत्रीय जेल प्रबंधन एवं शोध संस्थान, भोपाल) | 06 दिवसीय | 246 |
| – | मानसिक तनाव से मुक्ति (अधिकारी/प्रहरी) (क्षेत्रीय जेल प्रबंधन एवं शोध संस्थान, भोपाल) | 02 दिवसीय | 30 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| – | sensitization of New Criminal Laws Online/Offline (अधिकारी / कर्मचारी) | 03 दिवसीय | 378 |
| – | जेल सुधार से संबंधित अन्य अल्पकालीन प्रशिक्षण (ऑनलाइन / ऑफलाइन) | 06 दिवसीय | 1284 |
| | | योग | 2000 |

### 1.5.3 जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार प्रदेश की जेलों में परिरूद्ध बंदियों की पेशियाँ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई जा रही है। इस व्यवस्था के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग हेतु उपकरण उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं। सभी जेलों पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्षों का निर्माण जेल विभाग द्वारा कराया गया है। वर्ष 2023–24 में बंदियों की कुल 4,23,897 पेशियां अदालत में हुई, इनमें से 3,42,388 पेशियां (81%) वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा शेष 81,509 पेशियां (19%) पुलिस बल द्वारा कराई गई।

### 1.5.4 ई-प्रिजन कार्यक्रम

प्रदेश की समस्त जेलों में ई–प्रिजन कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। ई–प्रिजन योजना में प्रदेश की जेलों में बंदियों का लेगेसी डाटा फीड करने के साथ–साथ प्रिजन मैनेजमेंट सिस्टम में बंदियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी फीड की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश की जेलों में आई.सी.जे.एस. प्रणाली के माध्यम से बंदियों की आमद की जा रही है तथा इस प्रणाली के माध्यम से विभिन्न पिलर्स (पुलिस, कोर्ट, प्रिजन, प्रॉसिक्यूशन, एफ.एस.एल.) द्वारा फीड की गई बंदी से संबंधित समस्त जानकारी को देखा जा सकता है। प्रदेश की समस्त जेलों में ई–प्रिजन कार्यक्रम के संचालन करने हेतु आई.सी.टी. सेटअप (कम्प्यूटर एवं अन्य सह–उपकरण) उपलब्ध कराये गये है, साथ ही प्रदेश की जेलों में ई–मुलाकात की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से बंदी के परिजन वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बंदियों से मुलाकात कर सकते है।

### 1.5.5 ई-प्रिजन लैब

जेलों के कर्मचारियों को ई–प्रिजन तथा अन्य कम्प्यूटर संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु जेल मुख्यालय, भोपाल में ई–लैब स्थापित है। जेलों पर तकनीकी कार्य कर रहे अधिकारी / कर्मचारियों को ई–प्रिजन बेसिक एवं एडवांस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। NIC द्वारा समय–समय पर ई–प्रिजन मॉड्यूल पर किये गये बदलाव से अवगत कराने हेतु विभाग के 110 अधिकारी एवं 380 कर्मचारियों को जेल मुख्यालय की ई–लैब में ई–प्रिजन ( ICJS) का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### 1.5.6 इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग

जेलों की सुरक्षा सुदृढ़ करने हेतु 11 केन्द्रीय एवं 03 जिला जेलों (बालाघाट, खण्डवा एवं इंदौर) में इलेक्ट्रिक फेंसिग स्थापित है। 27 जेलों में इलेक्ट्रिक फेंसिंग की स्थापना की कार्रवाई प्रचलन में है।

### 1.5.7 कन्ट्रोल रूम, जेल मुख्यालय द्वारा जेलों की निगरानी

राज्य में जेलों पर निरंतर निगरानी हेतु राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित है, जिसमें 22 जेलों में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों की सतत् निगरानी की जा रही है एवं अन्य जेलों को कंट्रोल रूम में जोड़ने का कार्य प्रक्रियाधीन है। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सुरक्षा संबंधी घटनाओं के वर्गीकरण अनुसार तत्काल रिपोर्टिंग की जाती है तथा दैनिक स्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

### 1.5.8 तकनीकी शाखा

जेल विभाग में तेजी से हो रहे आधुनिकीकरण एवं कम्प्यूटरीकरण को दृष्टिगत रखते हुए जेल मुख्यालय में "तकनीकी उपकरण एवं सेवाएं शाखा" (TESS) स्थापित है, जिसके अंतर्गत ई–प्रिजन, आई. सी.जे.एस.,सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस सिस्टम, वीडियो कान्फ्रेंसिंग सिस्टम, इलेक्ट्रिक फेंसिग सिस्टम, जेल विभाग की वेबसाइट, आई.टी. तथा तकनीकी उपकरण आदि से संबंधी कार्य किया जा रहा है।

दिनांक 21–22 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (NCRB) मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 5th National Conference में मध्यप्रदेश जेल विभाग को ई–प्रिजन तथा आई.सी.जे.एस. के संचालन में भारत वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

### 1.5.9 विधिक सहायता

राज्य शासन द्वारा प्रदेश की केन्द्रीय जेलों पर बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने एवं समय-समय पर माननीय न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत होने वाली याचिकाओं में प्रत्यावर्तन प्रस्तुत किये जाने हेतु विधि अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय जेलों पर पदस्थ विधि अधिकारी ऐसे निर्धन बंदियों के आवेदन पत्रों को जो अधिवक्ता की फीस देने के लिए सक्षम नहीं हैं, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के समक्ष विधिक सहायता हेतु प्रस्तुत करते हैं, जहां से बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है।

इसके अतिरिक्त समय-समय पर प्रदेश की केन्द्रीय जेलों पर विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किये जाते हैं, ताकि बंदियों को नियमों की जानकारी और विधिक सहायता उपलब्ध हो सके। वर्ष 2023–24 में प्रदेश की जेलों में विधिक सहायता शिविर लगाकर 9615 बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

### 1.5.10 स्वास्थ्य परीक्षण

प्रदेश की जेलों में निरूद्ध होने वाले प्रत्येक बंदी का प्रतिमाह नियमित रूप से जेल पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। प्रतिमाह बंदियों के किये जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षणों के प्रतिवेदन आयोग द्वारा की गई अनुशंसानुसार जेलों से निर्धारित प्रपत्र में जेल मुख्यालय को प्राप्त होते हैं। वर्ष 2023–24 में कुल 6,00,372 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाकर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया।

### 1.5.11 जेलों में निरूद्ध बंदियों को पारिश्रमिक

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं समय-समय पर विभिन्न आयोगों द्वारा की गई अनुशंसा के परिपालन में सश्रम कारावास से दंडित बंदियों को जेलों में श्रम कार्यों में लगाया जाता है। मध्यप्रदेश की जेलों में परिरूद्ध बंदियों के सश्रम कारावास के दौरान किये गये कार्यों के लिये देय पारिश्रमिक की दरें निम्नानुसार हैं :

| क्रमांक | बंदियों की श्रेणी | पारिश्रमिक दर |
|---|---|---|
| 1. | जेल उद्योग कार्य में लगे कुशल बंदियों के लिए (प्रति बंदी आधा दिवस के कार्य हेतु) | रुपये 154.00 |
| 2. | जेल/उद्योग कार्य में लगे अकुशल बंदियों के लिए (प्रति बंदी आधा दिवस के कार्य हेतु) | रुपये 92.00 |
| 3. | कृषि कार्य में लगे बंदियों के लिए (प्रति बंदी 06 घंटे के कार्य हेतु) | रुपये 92.00 |

पारिश्रमिक दरों को पुनरीक्षित करने हेतु आयोजित बैठक में यह प्रस्तावित किया गया था कि भविष्य में बंदियों की पारिश्रमिक राशि को समय–समय पर जारी मूल्य सूचकांक (**Price Index**) से जोड़ दिया जाये, जिससे पारिश्रमिक दर में स्वतः वृद्धि हो जायेगी, उक्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।

वर्ष 2023–24 में बंदियों को कुल रूपये **14,10,01,136/–** की पारिश्रमिक राशि प्रदाय की गई है।

### 1.5.12 बंदियों को इनकमिंग दूरभाष की सुविधा

प्रदेश की समस्त जेलों में परिरूद्ध बंदियों को बाहर से आने वाले दूरभाष (इनकमिंग फोन) की सुविधा प्रदान की गई है। जेलों में अच्छा आचरण रखने वाले बंदियों को दूरभाष की सुविधा एक बार में अधिकतम वार्तावधि 05 मिनट के लिए प्रदान की जाती है। बंदियों को दूरभाष की सुविधा कार्यालयीन समय में प्रदान की जाती है। सुविधा का लाभ प्राप्त कर बंदी अपने परिवारजनों से दूरभाष पर वार्तालाप कर सकते हैं।

### 1.5.13 जेल उद्योग, कृषि एवं उद्यान

प्रदेश की केन्द्रीय जेलों जहाँ लम्बी सजा अवधि वाले बंदियों को रखा जाता है, औद्योगिक प्रशिक्षण सह उत्पादन के उद्देश्य से विभिन्न इकाईयाँ संचालित हैं। वर्ष 2023 में 3006 बंदियों को औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रदेश की जेलों में बंदियों के प्रशिक्षण हेतु बुनाई, सूती दरी, आसन, कालीन, बढ़ईगिरी, प्रिंटिंग उद्योग, सिलाई उद्योग, लौहारी उद्योग, बर्तन उद्योग, पावरलूम, सीमेंट के उत्पाद (गमले, पेवर टाइल्स, जाली एवं चेयर) चित्रकला एवं काष्ठकला जैसे उद्योग चलाये जा रहे हैं।

प्रदेश की जेलों में वर्ष 2023–24 के दौरान कृषि एवं बागवानी से कुल रूपये 55,43,054/– एवं जेल उद्योगों से रूपये 4,77,98,559/– का राजस्व प्राप्त हुआ।

### 1.5.14 आधुनिक मुलाकात व्यवस्था

प्रदेश की जेलों में टफन ग्लास लगाकर इंटरकॉम के माध्यम से आधुनिक मुलाकात व्यवस्था प्रारंभ की गई है, जो कि सुरक्षित होने के साथ ही सुविधाजनक भी है। प्रदेश की समस्त जेलों में आधुनिक मुलाकात सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

### 1.5.15 बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण :

प्रदेश की जेलों में नेशनल कांउसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (एन.सी.वी.टी.) के मापदंड अनुसार केन्द्रीय जेल, उज्जैन, जिला जेल बैतूल एवं धार में आई.टी.आई. की स्थापना की गई है।

केन्द्रीय जेल उज्जैन में वर्ष 2023–24 में पुरूष बंदियों हेतु 04 ट्रेडों (इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, वायरमैन, टू–व्हीलर मैकेनिक एवं ट्रैक्टर मैकेनिक) में 38 बंदियों, जिला जेल बैतूल में 03 ट्रेडों (ट्रैक्टर मैकेनिक, वायरमैन एवं कारपेन्ट्री ट्रेड) में 35 बंदियों एवं जिला जेल धार में 03 ट्रेडों (ट्रैक्टर मैकेनिक, वायरमैन एवं कारपेन्ट्री ट्रेड) में 25 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रदेश की केन्द्रीय जेल, ग्वालियर में वर्ष 2023–24 में बुनाई, कम्बल, पावरलूम, बढ़ई, सिलाई, प्रिटिंग प्रेस एवं लोहारी उद्योग में 212 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल उज्जैन के अंतर्गत केन्द्रीय जेल उज्जैन में वर्ष 2023–24 में ऑफसेट प्रिंटिग, सिलाई, कम्बल, पावरलूम, सुतारी, दरी, मूर्ति, प्रिटिंग प्रेस एवं लोहारी उद्योग में 196 बंदियों तथा जिला जेल देवास में सिलाई, बढ़ई एवं लोहारी उद्योग में 6 बंदियों व जिला जेल, शाजापुर में बढ़ई उद्योग में 02 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्रीय जेल सागर में वर्ष 2023–24 में सिलाई, बुनाई, बढ़ई, स्क्रीन प्रिटिंग एवं हथकरघा उद्योग में 488 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्रीय जेल, रीवा में वर्ष 2023–24 में प्रिंटिंग प्रेस, बुनाई, सिलाई, बढ़ई, लोहारी एवं पावरलूम उद्योग में 508 बंदियों एवं जिला जेल बैढ़न में बढ़ई, लोहारी एवं सिलाई उद्योग में 37 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में वर्ष 2023–24 में काष्ठकला, लौहकला, सिलाई, पावरलूम, प्रिंटिंग प्रेस, बुनाई एवं कम्बल उद्योग में 124 बंदियों एवं जिला जेल छिंदवाड़ा में इलेक्ट्रिक, वेल्डिंग, प्रेस, सिलाई एवं बढ़ई उद्योगों में 07 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल इंदौर के अंतर्गत केन्द्रीय जेल इंदौर में वर्ष 2023–24 में प्रिटिंग प्रेस, स्टील, पावरलूम, बुनाई, फेब्रिकेशन, बढ़ई, लेदर एवं सिलाई उद्योग में 137 बंदियों एवं जिला जेल, खण्डवा में सिलाई, कृषि एवं प्रेस में 9 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल, नर्मदापुरम के अंतर्गत केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में वर्ष 2023–24 में पावरलूम, बढ़ई, सिलाई, हैण्डलूम, स्क्रीनिंग प्रिटिंग उद्योग में 50 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्रीय जेल, जबलपुर में वर्ष 2023–24 में बुनाई, सिलाई, ऑफसेट प्रिंटिंग, बढ़ई एवं लोहारी उद्योग में 358 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल, सतना के अंतर्गत केन्द्रीय जेल सतना में वर्ष 2023–24 में बुनाई, बढ़ई, कम्बल, सिलाई एवं प्रिटिंग उद्योग आदि में 273 बंदियों को एवं जिला जेल पन्ना में सिलाई, बढ़ई एवं राज मिस्त्री कार्य में 27 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

केन्द्रीय जेल, बड़वानी में वर्ष 2023–24 में पावरलूम, सिलाई, बढ़ई, स्क्रीन प्रिंटिंग, हेण्डीक्राफ्ट फेब्रिकेशन एवं इलेक्ट्रिक बाईंडिंग कार्य में 270 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल, शिवपुरी में वर्ष 2023–24 में सिलाई, बढ़ई, एल.ई.डी. बल्व, पंखा/मोटर वाइंडिग एवं लोहारी उद्योग में 84 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सर्किल जेल भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जेल भोपाल में वर्ष 2023–24 में पावरलूम, बढई, लोहारी, सिलाई, बुनाई, कम्बल, चित्रकला एवं प्रिंटिग प्रेस उद्योग में 526 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया।

**1.5.16 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सहायता से बंदियों को निःशुल्क शिक्षा:**

इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय द्वारा बंदियों को निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश की केन्द्रीय जेल भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, सागर, सतना, नर्मदापुरम, जबलपुर, नरसिंहपुर, जिला जेल शहडोल एवं सिवनी में निःशुल्क अध्ययन केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर इग्नू के माध्यम से बैचलर डिग्री प्रोग्राम (बी.डी.पी.), सर्टिफिकेट इन रूरल डेवलपमेन्ट (सी.आर.डी.), सर्टिफिकेट इन फूड एण्ड न्यूट्रीशन (सी.एफ.एन.), सर्टिफिकेट इन एच.आई.व्ही. एण्ड फैमिली एजुकेशन (सी.ए.एफ.ई.), बी.ए, बी.कॉम., एम.कॉम., एम.ए., बी.ए.जी., डी.आई.एस., एस.एस. डब्ल्यू., सी.एच.आर., डी.एन.एच.ई., बी.टी.सी., सी.सी.पी, सी.डी.एम. एवं एम.बी.ए. के कोर्स संचालित हैं। इन केन्द्रों पर इग्नू की ओर से पाठ्यसामग्री व प्राध्यापक उपलब्ध कराये जाते हैं। वर्ष 2023–24 के दौरान इग्नू की विभिन्न परीक्षाओं में 757 परीक्षार्थी (बंदी) शामिल हुए।

**1.5.17 बंदियों को शैक्षणिक सुविधा** :

प्रदेश की जेलों के दंडित बंदियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की सुविधा है। जेल विभाग द्वारा समस्त निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने के लिए कक्षायें चलाई जाती हैं। पहले से शिक्षित बंदियों को आगे शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की जाती है और पूर्ण सहयोग दिया जाता है। जो बंदी परीक्षा में बैठना चाहते हैं, उन्हें स्वाध्यायी छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मलित कराया जाता है तथा समस्त व्यय एवं पुस्तकें विभाग द्वारा प्रदाय की जाती हैं। वर्ष 2023–24 में प्रदेश की जेलों में बंदियों को शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षक/सहायक शिक्षक के 62 पद स्वीकृत हैं, जिसके विरूद्ध 44 पद भरे हैं। वर्ष 2023–24 के दौरान विभिन्न कक्षाओं में 1631 बंदियों को पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा हिन्दी राष्ट्र भाषा परीक्षा में 536 बंदी शामिल हुए। वर्ष 2023–24 में 9870 दंडित एवं विचाराधीन बंदियों को साक्षर बनाया गया।

—***—

# विशेष कार्यक्रम

## 1.5.18 सांस्कृतिक कार्यक्रमः

प्रदेश की जेलों में वर्ष 2023 में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समय–समय पर बंदियों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से आयोजित किये गये। प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:–

- केन्द्रीय जेल, ग्वालियर में दिनांक 26.08.2023 को माननीय राज्यपाल महोदय श्री मंगूभाई पटेल द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के दूरस्थ शिक्षण का अध्ययन केन्द्र "बंदी से बंधु" का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति श्री अविनाश तिवारी एवं श्री राजेश चावला, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं उपस्थित रहे।

- केन्द्रीय जेल, भोपाल में दिनांक 07.09.2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ मंगल आरती की गई तथा भगवान की लीलाओं पर आधारित जीवंत नाट्य प्रस्तुति, भजन प्रस्तुति एवं नृत्य प्रस्तुति बंदी कलाकारों के द्वारा दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोहर ममतानी, राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष, श्री संजीव झा, प्रमुख सचिव जेल, श्री राजेश चावला, महानिदेशक जेल, श्री जी. अखेतो सेमा, अति. महानिदेशक जेल एवं अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेलों द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रमों में जेल विभाग की उपलब्धियों पर झांकियां निकाली जाती है। 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गई झांकियों में केन्द्रीय जेल, भोपाल, सागर एवं खुली जेल नरसिंहपुर को प्रथम तथा केन्द्रीय जेल रीवा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

- रक्षा बंधन के अवसर पर जेल में परिरूद्ध बंदियों को उनकी बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया एवं दीपावली के त्योहार पर बंदियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- केन्द्रीय जेल जेल नरसिंहपुर एवं सतना कों गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेलों द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रमों में जेल विभाग की उपलब्धियों पर झांकियां निकाली जाती है। 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गई झांकियों में केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर एवं सतना को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## 1.5.19 आध्यात्मिक कार्यक्रम :

प्रदेश की जेलों में परिरूद्ध बंदियों के बौद्धिक विकास, उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने एवं नकारात्मकता को दूर करने के उद्देश्य से, विभिन्न प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश की समस्त सर्किल जेलों पर, देश की प्रतिष्ठित धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्थाऐं जैसे– विपश्यना केन्द्र, हार्टफुलनेश मेडीटेशन, आर्ट ऑफ लीविंग, ईशा फाउण्डेशन एवं गायत्री परिवार द्वारा बंदियों के आध्यात्मिक विकास हेतु, वार्षिक आध्यात्मिक कैलेण्डर तैयार किया गया है।

## 1.5.20 योग प्रशिक्षणः

प्रदेश की जेलों में बंदियों को स्वस्थ एवं निरोग रखने के उद्देश्य से बंदियों हेतु प्रतिदिन योगाभ्यास एवं समय–समय पर योग शिविरों का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय जेल, भोपाल में दिनांक 21.06.2023 को विश्व योग दिवस के अवसर पर माननीय श्री नरोत्तम मिश्रा, गृह एवं जेल मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, श्री अरविंद कुमार, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं तथा जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुये। इस अवसर पर कैदियों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

केन्द्रीय जेल, बड़वानी में दिनांक 21.06.2023 को योग दिवस के अवसर पर बंदियों को सामूहिक रूप से योग कराया गया एवं जिला जेल, खरगौन में योग दिवस के अवसर पर 250 बंदियों को योगासनों का अभ्यास कराया गया।

केन्द्रीय जेल, जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया।

केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में दिनांक 21.06.2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी बंदियों एवं जेल के समस्त अधिकारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

**1.5.21 प्रदेश की जेलों में गोवंश की स्थिति:**

प्रदेश की केन्द्रीय जेल–भोपाल, सतना, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, उज्जैन, नर्मदापुरम, बड़वानी, नरसिंहपुर एवं जिला जेल अनूपपुर, शाजापुर एवं दिवास की गौशालाओं में 1956 गोवंश उपलब्ध हैं।

**1.6 विभाग की प्राथमिकताएं :**

1. बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेलों में आधुनिक सुरक्षा प्रबंधन।
2. आवश्यक बुनियादी ढॉचे में सुधार के उद्देश्य से पुनर्संरचना।
3. जेलों में अतिसंकुलता दूर करने के लिए बंदी आवास क्षमता में वृद्धि।
4. विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु कार्यवाही करना।
5. बंदियों के सामाजिक पुनर्स्थापन हेतु आजीविका मूलक व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार करना।
6. जेल कर्मचारियों की व्यावसायिक निपुणता में सुधार करना।
7. बंदियों एवं कर्मचारियों को आवास, चिकित्सा, पाकशाला, स्वच्छता, जल–प्रबंधन, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जेल वातावरण में सुधार करना।
8. बंदियों के मानव अधिकारों का संरक्षण।
9. बंदियों के विभिन्न तनावों को दूर करने हेतु प्रशिक्षण/सलाह देकर उनके जेल प्रवास को यथासम्भव तनावमुक्त एवं सुधारोन्मुखी बनाना।

***


# महत्वपूर्ण सांख्यिकी

## 1.7.1 जेलों का वर्गीकरण, क्षमता एवं परिरूद्ध बंदियों की संख्या :

(दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में)

| क्र. | जेल श्रेणी | संख्या | आवास क्षमता | | | परिरूद्ध बंदियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग |
| 1. | केन्द्रीय जेल | 11 | 14106 | 790 | 14896 | 23487 | 1127 | 24614 |
| 2. | जिला जेल | 41 | 9071 | 758 | 9829 | 13735 | 630 | 14365 |
| 3. | खुली जेल | 07 | 118 | — | 118 | 100 | — | 100 |
| 4. | सब जेल | 73 | 4942 | 439 | 5381 | 6609 | — | 6609 |
| | योग | 132 | 28237 | 1987 | 30224 | 43931 | 1757 | 45688 |

**INMATE POPULATION & OVERCROWDING IN JAILS**




## 1.7.2 विगत 3 वर्षो में आवास क्षमता से अधिक बंदियों का तुलनात्मक विवरण :

| क्र. | विवरण | परिरूद्ध बंदियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 31 दिसम्बर 2021 | 31 दिसम्बर 2022 | 31 मार्च 2024 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | परिरूद्ध बंदियों की संख्या | 48513 | 48857 | 45688 |
| 2. | क्षमता से अधिक बंदियों का प्रतिशत | 64.06 | 64.42 | 51.16 |

# भाग - चार
# सामान्य प्रशासनिक विषय

**1. जांच समिति / आयोगः**

जेल विभाग में वर्ष 2023–24 में किसी भी प्रकार की जॉच समिति गठित नहीं हुई है।

**2. जेल विभाग में न्यायालयीन प्रकरणों की दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति :**

**(अ) बंदियों से संबंधितः** जेल विभाग में प्राप्त प्रकरण – 29
प्रत्यावर्तन प्रस्तुत हुआ – 15

**(ब) कर्मचारियों से संबंधितः** जेल विभाग में प्राप्त प्रकरण – 63
प्रत्यावर्तन प्रस्तुत हुआ – 15

**(स) विभागीय जांचः**

| पूर्व वर्ष के लंबित प्रकरण | वर्ष के दौरान प्राप्त प्रकरण | निराकृत प्रकरण | शेष |
|---|---|---|---|
| 53 | 18 | 41 | 30 |

**3. विभाग में स्वीकृत एवं भरे पदों की श्रेणीवार जानकारीः**

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत | भरे | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| | **प्रथम श्रेणी** | | | |
| 1 | महानिदेशक जेल | 01 | 01 | 00 |
| 2 | अति. महानिदेशक एवं महानिरीक्षक जेल | 01 | 01 | 00 |
| 3 | अति. जेल महानिरीक्षक | 01 | 00 | 01 |
| 4 | जेल उप महानिरीक्षक | 04 | 02 | 02 |
| 5 | जेल उप महानिरीक्षक (विधि) | 01 | 00 | 01 |
| 6 | अधीक्षक, केन्द्रीय जेल | 12 | 05 | 07 |
| 7 | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 01 | 00 | 01 |
| 8 | कार्यपालन यंत्री | 01 | 00 | 01 |
| | **योग** | **22** | **09** | **13** |
| | **द्वितीय श्रेणी** | | | |
| 1 | व्याख्याता (मनोविज्ञान / अपराध शास्त्र / विधि विज्ञान) | 03 | 01 | 02 |
| 2 | अधीक्षक, जिला जेल | 41 | 21 | 20 |
| 3 | उप जेल अधीक्षक | 78 | 45 | 33 |
| 4 | संयुक्त संचालक, वित्त | 01 | 00 | 01 |
| 5 | उप संचालक, वित्त | 01 | 00 | 01 |
| 6 | सहायक संचालक, वित्त | 01 | 00 | 01 |
| 7 | उद्योग अधीक्षक | 01 | 00 | 01 |
| 8 | सहायक यंत्री | 02 | 01 | 01 |

# भाग – तीन
## राज्य योजनाएं

### 3.1 राज्य योजनाएं:

**वार्षिक योजना 2023–2024**

वार्षिक योजना 2023–24 में वृहद निर्माण हेतु राज्य शासन द्वारा राशि रूपये 87.50 करोड़ का प्रावधान पूंजीगत मद में रखा गया है, जिसमें पूर्व वर्षों में स्वीकृत होकर निर्माणाधीन 44 बैरिकों के निर्माण, उज्जैन में खुली जेल का निर्माण, छिंदवाड़ा, भिण्ड, दतिया एवं इंदौर में नई जेलों का निमार्ण कार्य लोक निर्माण विभाग (भवन) के माध्यम से पूरे कराये जाना है। निर्माण कार्यों की वर्ष के अंत में प्रगति निम्नानुसार रही :–

- निर्माणाधीन नवीन जेल छिंदवाड़ा एवं इंदौर के निमार्ण कार्य प्रगति पर रहे। भिण्ड में निर्माणाधीन जेल की पुनरीक्षित स्वीकृति विचाराधीन है।
- केन्द्रीय जेल उज्जैन में 20 बंदियों की खुली जेल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में प्रगति पर है।
- प्रदेश में निर्माणाधीन 44 बैरिकों में से 12 बैरिक पूर्ण कराकर, प्रारम्भ किये गये, जिससे जेलों की क्षमता में 240 बंदियों की वृद्धि हुई, जबकि 12 बैरिकें वर्षान्त में फिनीशिंग स्तर पर प्रगति पर है तथा शेष 20 बैरिकें निर्माणाधीन हैं।
- राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जेल, भोपाल में विशेष सुरक्षा वाले बंदियों के लिए 12 नग सेल निर्माण हेतु दिनांक 21.09.2023 को राशि रूपये 112.19 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- राज्य शासन द्वारा जेलों की क्षमता में वृद्धि हेतु दिनांक 07.03.2024 को 12 जेलों में 24 बैरिकों के निर्माण हेतु राशि रूपये 1802.28 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 3.2 केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं:

प्रदेश की समस्त जेलों में ई–प्रिजन संचालित करने हेतु एम.एच.ए. भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत जेलों में परिरूद्ध बंदियों का डाटाबेस तैयार किया जाता है।

ई–प्रिजन योजना भारत सरकार की योजना है, इस योजना में प्रदेश की जेलों में परिरूद्ध बंदियों का लेगेसी डाटा फीड किया जा रहा है।

प्रदेश की समस्त जेलों में ई–प्रिजन कार्यक्रम का संचालन करने हेतु योजना से संबंधित आई.सी.टी. सैटअप (कम्प्यूटर एवं अन्य सह उपकरण) उपलब्ध कराये गये हैं। सभी जेलों में ई–प्रिजन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सभी जेलों पर आई.सी.टी. सेटअप, नेट कनेक्टिविटी एवं डाटा एंट्री आपरेटर उपलब्ध कराये गये। जेल मुख्यालय में ई–प्रिजन लैब स्थापित कराई गई, जिसमें जेल स्टाफ को ई–प्रिजन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

विदेशी सहायता प्राप्त योजनाएं/विश्व बैंक की सहायता से चलाई जा रही योजना की जानकारी निरंक है।

### 3.3 अन्य योजनाएं :-

**प्रतिकर योजना :**

जेल विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई, अपराधों के पीड़ित परिवारों को प्रतिकर राशि देने की योजना प्रशासन की अभिनव योजना है, जिसके अनुसार बंदियों को उपलब्ध कराये गये काम के बदले दी जाने वाली कुल मजदूरी की 50 प्रतिशत राशि एक पृथक सामान्य निधि बनाकर कलेक्टर एवं जेल अधीक्षक के संयुक्त खाते में कोषालय में जमा की जा रही है। इस सामान्य निधि की राशि का उपयोग पीड़ितों या उनके परिवार के सदस्यों को प्रतिकर दिये जाने में किया जाता है। शासन द्वारा पीड़ित की पात्रता का निर्धारण एवं संबंधित परिवार को प्रतिकर की राशि वितरित करने के लिए जेलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जिसमें पुलिस अधीक्षक–सदस्य एवं संबंधित जेल अध–सदस्य सचिव बनाये गये हैं। शासन के आदेशानुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे एवं चिन्हित धाराओं, जिसमें 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है, के बंदियों से संबंधित पीड़ित परिवार के सभी उत्तराधिकारियों को समान अनुपात में प्रतिकर की राशि देय होगी।

***

# भाग – दो

## 2.1 बजट सिंहावलोकन

जेल विभाग में अधिकांश खर्च अनिवार्य रूप से करने पड़ते हैं, जिसे किसी भी परिस्थिति में कम अथवा स्थगित नहीं किया जा सकता है, जैसे – बंदियों को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा एवं अन्य खर्च, बंदियों को प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं जिनका आधार कोई निश्चित धनराशि नहीं है, अपितु इनका स्केल निर्धारित है। नियमों के अधीन बंदियों के लिए खाद्यान्न सामग्री एवं अन्य वस्तुओं में किसी प्रकार की कमी नहीं की जा सकती। जेल के अंदर प्रविष्ट होने वाले बंदियों की संख्या भी निश्चित नहीं होती है एवं आन्दोलन आदि के कारण जेलों पर बंदियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि से व्यय भी बढ़ जाता है।

## 2.2 बजट प्रावधान, लक्ष्य एवं व्ययः-

पिछले सालों में जेल विभाग का **बजट प्रस्ताव राशि, स्वीकृत बजट प्रावधान** तथा **वास्तविक** व्यय निम्न तालिका में दर्शाया गया है:

(रूपये लाखों मे)

| वर्ष | प्रस्तावित बजट प्रावधान | स्वीकृत बजट प्रावधान | वास्तविक व्यय | अधिक (+) बचत (–) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2019–2020 | 40511.48 | 40469.71 | 36934.66 | (–) 3535.05 |
| 2020–2021 | 42858.10 | 42358.10 | 39392.32 | (–) 2965.78 |
| 2021–2022 | 47083.25 | 46239.05 | 44763.94 | (–) 1475.11 |
| 2022–2023 | 52659.65 | 49191.05 | 41606.93 | (–) 7584.12 |
| 2023–2024 | 60517.46 | 55569.46 | 49992.26 | (31.03.2024 तक व्यय) |


वर्ष 2023–2024 के लिये प्राप्त बजट में से विभिन्न मदों में व्यय राशि की जानकारी दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में निम्नानुसार है:

| क्र. मद | व्यय राशि (रूपये में ) |
|---|---|
| 1. वेतन, भत्ते आदि | 2987481432 |
| 2. कार्यालय व्यय | 158969236 |
| 3. सफाई | 158660552 |
| 4. विशेष सेवाओं हेतु मानदेय (बंदी पारिश्रमिक) | 178230046 |
| 5. स्थाई सम्पत्तियों का अनुरक्षण (भवन मरम्मत) | 62900000 |
| 6. वाहन (मरम्मत) | 3008290 |
| 7. दवाईयां क्रय | 174902394 |
| 8. राशन का मूल्य (भोजन व्यय) | 1096328390 |
| 9. कपड़े, बिस्तर तथा टेंट्स | 59795197 |
| 10. अन्य प्रभार (बंदी परिवहन, परीक्षा, प्रशिक्षण मदों में ) | 8441007 |
| 11. अन्य शेष मदों में | 110510140 |
| योग | 4999226684 |

### 1.7.3 बंदियों का विधिक वर्गीकरण :

| क्र. | विवरण | 31 दिसम्बर 2021 की स्थिति में | | | 31 दिसम्बर 2022 की स्थिति में | | | 31 मार्च 2024 की स्थिति में | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | | | (4) | | | (5) | | |
| | | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग |
| 1. | दंडित बंदी | 18475 | 791 | 19266 | 20844 | 917 | 21761 | 20615 | 888 | 21503 |
| 2. | विचाराधीन बंदी | 27994 | 1100 | 29094 | 25884 | 993 | 26877 | 23106 | 869 | 23975 |
| 3. | अन्य बंदी | 152 | 01 | 153 | 218 | 01 | 219 | 210 | — | 210 |
| | योग | 46621 | 1892 | 48513 | 46946 | 1911 | 48857 | 43931 | 1757 | 45688 |

SHARE OF DIFFERENT TYPES OF PRISON INMATES TO TOTAL INMATES




### 1.7.4 बंदियों का आयुवार वर्गीकरण :

| क्र. | उम्र | 31 दिसम्बर 2021 | | | 31 दिसम्बर 2022 | | | 31 मार्च 2024 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पु. | म. | योग | पु. | म. | योग | पु. | ग. | योग |
| 1. | 18 वर्ष से 21 वर्ष | 5183 | 70 | 5253 | 4602 | 42 | 4644 | 4431 | 50 | 4481 |
